MARYLAND STATE DEPARTMENT OF EDUCATION
Achievement Matters Most

मैरीलैंड स्कूल मूल्यांकन
2005 गणित:

गृह (होम) रिपोर्ट

MSA होम रिपोर्ट के बारे में

आपके बच्चे ने मैरीलैंड स्कूल असेसमेंट (MSA) की परीक्षा गणित विषय के लिए मार्च 2005 में दी थी। यह परीक्षा संघीय ऐक्ट नो चाइल्ड लेफ्ट बिहाइंड ("NCLB") की आवश्यकता है और आपके बच्चे की गणित सम्बन्धी योग्यता को आंकने का एक तरीका है। यह परीक्षा संघीय कानूनों की आवश्यकता है और आपके बच्चे की गणित में योग्यता को आंकने का एक तरीका है। यह परीक्षा मैरीलैंड के गणित संबंधी मानकों की तुलना में आपके बच्चे का कार्य-निष्पादन आंकती है। मैरीलैंड के गणित संबंधी मानक बताते हैं कि सभी छात्रों को क्या जानना जरूरी है और उन्हें क्या कर सकने योग्य होना चाहिए। वे आपके बच्चे के स्कूल से उपलब्ध हैं या **http://mdk12.org** पर देखे जा सकते हैं।

नीचे दिए गए स्केल स्कोर चार्ट में आपके बच्चे द्वारा गणित में प्राप्त अंक बताए गए हैं, साथ ही साथ स्कूल की उसकी कक्षा, स्कूल प्रणाली, और पूरे राज्य में छात्रों द्वारा गणित में प्राप्त औसत अंकों को बताया गया है। 'स्केल स्कोर' आपके बच्चे द्वारा दिए गए कार्य को सामान्य, दक्ष और उच्च कार्य स्तर के लिए निर्धारित मानकों के सापेक्ष समझने में मदद करते हैं। हर स्तर पर कैसे कार्य-निष्पादन की अपेक्षा है उसका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है। आपके बच्चे के स्कूल, स्कूल डिस्ट्रिक्ट, और पूरे राज्य में हर स्तर पर उसकी कक्षा के कितने प्रतिशत छात्र इन्हें हासिल कर रहे हैं यह नीचे दर्शाया गया है।

MSA स्कोर आपके बच्चे के गणित विषय में कार्य-निष्पादन का केवल एक संकेत हैं। आपको अपने बच्चे के कक्षा-कार्य, होमवर्क, प्रोजेक्ट्स, तथा दूसरी परीक्षाओं व प्रतियोगिताओं में कार्य-निष्पादन के बारे में बच्चे के शिक्षक से चर्चा करनी चाहिये। स्कूल और स्कूल प्रणाली के कार्य-निष्पादन के बारे में और अधिक जानकारी ऑनलाइन **http://mdreportcard.org** पर उपलब्ध है।

MSA स्केल स्कोर चार्ट

	स्केल स्कोर	सामान्य	दक्ष	उच्च
आपका बच्चा				
आपके बच्चे का स्कूल				
आपके बच्चे का स्कूल डिस्ट्रिक्ट				
मैरीलैंड				
	0	395	450	800

MSA कार्य-निष्पादन स्तरों के बारे में विवरण

उच्च (एडवान्स्ड) : इस स्तर के छात्र हमेशा गणित के जटिल प्रश्नों को हल कर सकते हैं और गणितीय तर्क को समझने की उत्तम दक्षता बताते हैं।

दक्ष (प्रोफिशिएन्ट) : इस स्तर के छात्र अपनी कक्षा के अनुरूप बुनियादी गणित और अवधारणाएं समझने का कौशल रखते हैं और गणित के प्राथमिक प्रश्नों को सामान्यत: हल कर सकते हैं। सभी छात्रों के लिये लक्ष्य दक्ष या उच्च स्तर पर पहुँचना है।

सामान्य (बेसिक) : इस स्तर के छात्र मैरीलैंड के गणित हेतु प्रमुख शैक्षणिक लक्ष्यों में बताई गई कुशलताओं और अवधारणाओं में से कुछ को पूरा कर पाते हैं।

MSA स्कूल/स्कूल प्रणाली/राज्य

छात्रों का प्रतिशत :	सामान्य	दक्ष	उच्च
आपके बच्चे का स्कूल			
आपके बच्चे का स्कूल डिस्ट्रिक्ट			
मैरीलैंड			

**5 से कम छात्रों के लिये स्कोर उपलब्ध नहीं हैं। जानकारी के लिये कृपया अपने स्कूल से सम्पर्क करें।

TerraNova नॉर्म-रेफरेंस्ड टेस्ट स्कोर (NRT)

मैरीलैंड स्कूल मल्यांकन के एक भाग के रूप में आपके बच्चे ने TerraNova नॉर्म-रेफरेंस्ड टेस्ट (NRT) भी दिया था। यह टेस्ट मैरीलैंड के विषय मानकों से संबंधित ज्ञान का मापक है, पर यह भिन्न तरीके का है। प्रतिशतक (पर्सेन्टाइल) में नीचे दी गई जानकारी आपके बच्चे के कार्य-निष्पादन की राष्ट्रभर के उसी कक्षा के बच्चों द्वारा प्राप्त अंकों से तुलना करती है। उदाहरण के लिए यदि किसी छात्र ने 40 के पर्सेंटाइल में अंक प्राप्त किए तो इसका अर्थ है राष्ट्र भर के 40 प्रतिशत छात्रों की तुलना में उसने उनके जैसा या उनसे बेहतर काम किया पर इसका अर्थ यह भी है कि उसने या उन छात्रों के 60% छात्रों जितना अच्छा काम नहीं किया।

NRT में प्राप्त अंक
गणित :

प्रकाशन तिथि

Math – Hindi

CTB McGraw-Hill